<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में शामिल होते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के लिए "राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति" नामक एक योजना शुरू की गई है।
- भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा नए एथलीटों का चयन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में शामिल होते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि भारत में कितनी संभावनाएं हैं। श्री मोदी ने कल विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित किया। प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 पर कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

कुछ ही दिन बाद मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट, यानी वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट फील्ड के इनोवेटर्स के लिए यह प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा, जहां एंटरटेनमेंट से जुड़े स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्रियल लीडर से जुड़ने का मौका मिलेगा। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप पन्द्रहवां रोजगार मेला कल देशभर में सैतालिस स्थानों पर आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी –एनटीए ने नीट–यूजी 2025 परीक्षा से संबंधित संदिग्ध दावों की शिकायत करने के लिए एक विशेष प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। एटीए ने उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे धोखाधड़ी में लिप्त अवैध तत्वों के झूठे दावों के बहकावे में न आएं। एन टी ए ने उम्मीदवारों से यह भी अनुरोध किया है कि वे ऐसे भ्रामक जानकारी और व्यक्तियों की सूचना एन टी ए की आधिकारिक वेबसाइट पर चार मई शाम पांच बजे तक करें।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, की ओर से समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के शैक्षिक सशक्तिकरण और सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए "राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति" नामक एक योजना शुरू की गई है। यह योजना अनुसूचित जाति, जनजाति, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर समुदायों से संबंधित कम आय वाले छात्रों के लिए शुरू की गई है। इस योजना से छात्रों को मास्टर या पीएचडी डिग्री के लिए विदेश में शीर्ष पांच सौ क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग वाले शैक्षणिक संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होती है। वर्ष 2025–26 के पहले दौर के लिए आवेदन जमा करने के लिए अब यह पोर्टल उनतीस अप्रैल से दो मई तक चार दिनों के लिए फिर से खोला जाएगा, ताकि जिन उम्मीदवारों ने पहले ही अपने आवेदन जमा किए हैं, वे जमा किए गए आवेदनों में सुधार कर सकें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण खेल प्रशिक्षण केंद्र को नव चयनित एथलीटों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम के दौरान खेल निदेशक को मेजबानी करने का सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान खेल

निदेशक विक्रम सिंह ने उभरते एथलीटों से बातचीत की, प्रशिक्षण परिसर का निरीक्षण किया और अपने एथलेटिक सफर की शुरुआत करने वाले युवा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष पहली बार चयन ट्रायल हरमिंदर–बे, हटबे, नानकॉरी, शोल–बे आदि द्वीपों के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए गए। यह भारतीय खेल प्राधिकरण के इतिहास में एक बड़ा बदलाव है। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया और डीब्रेट की योग प्रशिक्षक डॉ. श्वेता बजाज भी उपस्थित थी। अपने समापन भाषण में भारतीय खेल प्राधिकरण की सहायक निदेशक देबस्मिता बाल चमाडिया ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया, जिन्होंने अगली पीढ़ी के एथलीटों को तैयार करने के लिए अपना निरंतर समर्थन और समर्पण दिखाया। इस कार्यक्रम ने खेलों की पहुंच बढ़ाने और द्वीप के हर कोने से प्रतिभाशाली युवाओं को संरचित प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के चल रहे प्रयासों को रेखांकित किया।।

<><><><><><><>

भारत सरकार के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते नशा सेवन के खतरे से निपटने के लिए मानस पोर्टल के तहत दो समर्पित हेल्पलाइन शुरू की हैं। यह पहल नागरिकों को चौबीसों घंटे सातों दिन सुविधा प्रदान करता है। मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर–14416 या 1–800–891–4416 और नशीले पदार्थ नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर–1933 डायल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत सरकार के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते नशा सेवन के खतरे से निपटने के लिए मानस पोर्टल के तहत दो समर्पित हेल्पलाइन शुरू की हैं। यह पहल नागरिकों को चौबीसों घंटे सातों दिन सुविधा प्रदान करता है। मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर–14416 या 1–800–891–4416 और नशीले पदार्थ नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर–1933 डायल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित शिक्षा सदन में राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा केंद्रीय हिंदी शिक्षा संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से जी टी टी (हिंदी) शिक्षकों के लिए दस दिवसीय कार्यशाला का कल समापन हो गया। कार्यशाला में क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला में कुल नौ शैक्षिक क्षेत्रों से उनचास प्रतिभागियों ने भाग लिया। टैगोर राजकीय महाविद्यालय के प्रिन्सिपल डॉ मंजू लता इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं, उन्होंने शिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिए इस तरह की कार्यशाला की आवश्यकता पर जोर दिया और प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों में पढ़ने और भाषा कौशल को बेहतर बनाने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्य शिक्षा संस्थान की प्रिंसिपल संगीता चंद ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे यहां प्राप्त ज्ञान को अपने स्कूल और संबंधित क्षेत्र में प्रसारित करें।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय राज्य सहकारी बैंक महासंघ ने अंडमान एवं निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के सहयोग से द्वीप समूह में तेईस अप्रैल को होटल कल्कि में "संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष – 2025 को मनाने की रणनीति" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया है। इस संगोष्ठी का विषय है– सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण। नेफ्सकॉब के प्रबंध निदेशक बी. सुब्रह्मण्यम, ने सूचित किया है कि यह विभिन्न सहकारी बैंकों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सचिवालय के लिए द्वीपों में आयोजित सोलहवीं राष्ट्रीय संगोष्ठी है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में दिसंबर, दो हजार चौबीस और जनवरी–फरवरी, दो हजार पच्चीस में आयोजित पांडिचेरी विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक छात्रों को उनतीस अप्रैल तक कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>